बुधवार
15 मई 2024



पृष्ठ 4
ज्यादा दूध पीना भी सेहत के लिए है...



पृष्ठ 5
हाउसफुल 5 में नजर आएंगे अभिषेक...



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 105
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

अपनी भूल अपने ही हाथों से सुधर जाए तो यह उससे कहीं अच्छा है कि कोई दूसरा उसे सुधारे।
–प्रेमचंद

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# चारधाम यात्राः फेक न्यूज या वीडियो बनाने वालों पर होगा मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि चारधाम यात्रा का दुष्प्रचार करने तथा फेक न्यूज या वीडियों बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जाये।

आज यहां चारधाम यात्रा का दुष्प्रचार करने वाले तथा यात्रा के सम्बन्ध में फेक न्यूज या वीडियो बनाने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही के निर्देश देते हुए सचिवालय में चारधाम यात्रा प्रबन्धन की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने स्पष्ट किया है कि फेक न्यूज या वीडियों के माध्यम से यात्रा को बदनाम करने वाले तत्वों के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। बिना रजिस्ट्रेशन एवं ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन की बसों एवं गाड़ियों के यात्रामार्ग पर संचालन पर कड़ा रूख अपनाते हुए सीएस श्रीमती रतूड़ी ने ऐसे बिना रजिस्ट्रेशन की बसों व गाड़ियों को तत्काल रोकने तथा वापस भेजने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग को टूर ऑपरेटर्स के साथ बिना रजिस्ट्रेशन, बिना ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन के वाहनों के मुद्दे पर बैठक करने के निर्देश दिए हैं। बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जगह-जगह पर स्थापित चेक पॉइन्ट्स पर चिन्हित कर उचित कार्यवाही की



जाएगी।

इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव द्वारा अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों एवं पुलिस महानिदेशकों को भी पत्र भेजा जाएगा। श्रद्धालुओं की समस्याओं के मौके पर ही त्वरित निवारण के दृष्टिगत मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को अपने मोबाइल पर प्राप्त किसी भी श्रद्धालु की शिकायत पर तत्काल उचित कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को अपने मोबाइल 24 घण्टे खुले रखने तथा यात्रा से सम्बन्धित शिकायतों को अनिवार्यत सुनने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। धामों में बेहतरीन क्राउड मेनेजमेंट एवं यात्रामार्ग पर ट्रैफिक मेनेजमेंट के दृष्टिगत सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने यात्रामार्ग पर श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु जगह-जगह स्थापित हॉल्डिंग प्लेस पर पेयजल, शौचालय तथा भोजन आदि सभी आवश्यक सुविधाएं एवं धामों के लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने विशेषकर ऋषिकेश नगर निगम को अपने हॉल्डिंग प्लेस में यात्रियों हेतु बेहतरीन सुविधाओं की तत्काल व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 50 वर्ष से अधिक उम्र के यात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर विशेष फोकस करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

बैठक में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, कमीशनर गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव अरविन्द सिंह हयांकी, सचिन कुर्वे, दिलीप जावलकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 40 लाख की ठगी में दो वर्षो से फरार ईनामी तांत्रिक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। हरिद्वार की महिला को उसकी घरेलू परेशानी को तंत्र मंत्र से दूर करने का झांसा देकर 40 लाख की ठगी करने वाले एक तांत्रिक को एसटीएफ द्वारा दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी तांत्रिक दो वर्षो से फरार था जिस पर पुलिस द्वारा 15 हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ, आयुष अग्रवाल द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि वर्ष 2022 में थाना कोतवाली गंगनहर रुडकी जिला हरिद्वार में एक महिला से तांत्रिक सुलेमान बाबा द्वारा उसके परिवार में किसी परिजन की असमय मृत्यु का होने का भय दिखाकर महिला से 40 लाख



रूपये की ठगी कर ली गयी थी। जिस पर थाना गंगनहर में सुलेमान बाबा के नाम से धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था परन्तु तांत्रित सुलेमान बाबा तभी से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा 15 हजार रूपये ईनाम की घोषणा की गयी थी। बताया कि आज एसटीएफ को तांत्रित सुलेमान बाबा के बारे में सूचना मिली कि सुलेमान बाबा आजाद अपार्टमेंट, मधुविहार दिल्ली में फ्लैट लेकर रह रहा है जिस पर एसटीएफ की टीम द्वारा दबिश देकर सुलेमान बाबा को आजाद अपार्टमैन्ट, मधुविहार दिल्ली से गिरफ्तार कर थाना गंगनहर हरिद्वार में दाखिल किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ, आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे का निधन

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार सुबह दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। सुबह 9.28 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। पिछले कुछ दिन से वेंटिलेटर पर थीं। पिछले तीन महीने से एम्स में इलाज किया जा रहा था। माधवी राजे सिंधिया प्रमुख राजनेता माधवराव सिंधिया की पत्नी थीं, जिन्होंने संसद सदस्य और केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया। माधवी राजे सिंधिया स्वयं एक शाही परिवार से थीं और उन्हें ग्वालियर शाही परिवार की राजमाता (रानी माँ) के रूप में जाना जाता था। ग्वालियर में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनका परिवार, सिंधिया, पीढ़ियों से भारतीय राजनीति और समाज में प्रभावशाली व्यक्ति रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर नमन किया। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने दुख जताया।



# 'आप' ने माना स्वाति मालीवाल के साथ हुई थी बदसलूकी

नई दिल्ली। दिल्ली मुख्यमंत्री के आवास पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी की पुष्टि हो गई है।

आप सांसद संजय सिंह ने मीडिया को बताया कि स्वाति मालीवाल के साथ अरविंद केजरीवाल के पीए विभवकुमार ने बदसलूकी की है। केजरीवाल ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पीए के खिलाफ सख्त एक्शन लेने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद निंदनीय है और अरविंद केजरीवाल इस मुद्दे पर स्वाति मालीवाल के साथ हैं।

प्रेस कांफ्रेंस में आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि कल एक निंदनीय घटना हुई। स्वाति मालीवाल, अरविंद





केजरीवाल से मिलने के लिए उनके आवास पर गई थीं। जब वह ड्राइंग रूम में केजरीवाल का इंतजार कर रही थीं तभी विभव कुमार उनके साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मामले को संज्ञान में लिया है। वह उचित कार्रवाई करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुए दुर्व्यवहार पर बीजेपी ने आम आदमी पार्टी को घेरा है। दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सीएम आवास के अंदर एक महिला के साथ दुर्व्यवहार किया गया और आप कह रहे हैं कि संज्ञान लिया जाएगा। इससे यही पता चलता है कि आप असंवेदनशील है। अगर सीएम आवास पर किसी महिला के साथ ऐसी घटना होती है तो जिम्मेदार कौन?

दून वैली मेल

## संपादकीय

# चौपट चारधाम यात्रा व्यवस्था

उत्तराखंड का शासन-प्रशासन चार धाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की रिकार्ड संख्या को लेकर भले ही फूले न समाते हो और इसे अपनी बड़ी उपलब्धियों में शुमार करते हो लेकिन इसमें शासन प्रशासन का कोई कमाल नहीं है जो काम शासन-प्रशासन को करना चाहिए उस काम में वह हमेशा ही फिस्सडी रहता है। अभी चारधाम यात्रा को शुरू हुए चार-पांच दिन भी नहीं हुए हैं लेकिन उसके सुरक्षित और सुगम यात्रा करने के दावों का दम निकल गया है। यात्रा शुरू होने के अगले ही दिन गंगोत्री-यमुनोत्री और केदार धाम में यात्रियों का क्या कुछ हाल हुआ और क्यों हुआ? तथा इसके लिए कौन जिम्मेदार है? इसके साक्ष्य जुटाने के लिए आपको ग्राउंड जीरो पर भी जाने की जरूरत नहीं है सिर्फ कुछ टीवी चैनलों की रिपोर्टिंग और तस्वीरों को देखकर ही समझ में आ जाएगा कि शासन-प्रशासन कितनी बेहतरी से अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। पहले दिन गंगोत्री धाम के पैदल मार्ग पर 11-12 घंटे तक फंसे रहे इन यात्रियों की क्या दुर्दशा हुई और उन्हें क्या-क्या झेलना पड़ा? अपनी आप बीती वह टीवी पर बयान करते आपको दिख जाएंगे। यह यात्री उत्तराखंड के शासन-प्रशासन और चार धाम यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर जो कुछ भी कह रहे हैं वह सत्ता में बैठे लोगों और अधिकारियों के लिए न सिर्फ शर्म की बात है अपितु उसके लिए सोचनीय है क्योंकि इससे समूचे विश्व में उत्तराखंड की छवि खराब हो रही है तथा यात्रा पर आने वाले लोग ऐसे खराब अनुभव के साथ लौट कर जा रहे हैं कि दोबारा कभी उत्तराखंड का रुख करने की बात तक नहीं सोच सकते हैं। इस दौरान सात आठ यात्रियों की मौत भी हो चुकी है। हकीकत यह है कि उत्तराखंड शासन प्रशासन द्वारा यात्रा की तैयारियों पर कोई ध्यान ही नहीं दिया गया। अगर सही मायने में कुछ काम किया गया होता तो न हरिद्वार के ऑफलाइन पंजीकरण सेंटरों पर वह स्थिति पैदा होती कि लोग परेशान होकर बिना यात्रा किए ही वापस लौटते और गंगोत्री धाम की यात्रा को शुरू होते ही उन्हें रोकना न पड़ता। राज्य में जब गंगोत्री धाम में यात्री मर रहे हैं पंडा पुजारी प्रदर्शन कर रहे हैं और धाम में सन्नाटा पसरा है। वही उत्तरकाशी के साथ अन्य तमाम जगह रोके गये यात्री परेशान होकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं राज्य के मुखिया मुंबई में जुहू बीच पर बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहे हैं। यह सुनने में बहुत अच्छा लगता है कि पंजीकरण खुलते ही 26 लाख श्रद्धालुओं ने एक सप्ताह के अंदर ही रजिस्ट्रेशन कराया है तथा बीते साल रिकॉर्ड 56 लाख श्रद्धालु यात्रा पर आए थे जो एक रिकॉर्ड है। तथा इस साल बीते साल से भी अधिक भीड़ उमड़ रही है तथा पिछले साल से अधिक यात्री आएंगे। लेकिन उन व्यवस्थाओं का क्या जो इन यात्रियों के लिए न पीने का पानी मिल रहा है और न खाना मिल रहा है भीषण सर्दी की रातें वह खुले आसमान के नीचे गुजारने पर मजबूर है। यात्रा शुरू होने के बाद सड़क निर्माण का काम कराया जा रहा है और उसके लिए यात्रियों को 6-6 घंटे तक रोका जा रहा है। ऐसी स्थिति में जब जाम लगेगा तो यात्रियों की क्या हालत होगी? धामों में सीमित संख्या में यात्री एक दिन में पहुंचे अब इसका निर्धारण किया जाएगा। सवाल यह है कि क्या शासन-प्रशासन में बैठे लोगों को पहले इस समस्या की जानकारी नहीं थी? अगर थी तो फिर उन्होंने समय रहते ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त क्यों नहीं किया। उत्तराखंड का शासन प्रशासन व्यवसायी और पंडा-पुजारी सब बस यही चाहते हैं कि करोड़ों यात्री आए धक्के खा परेशान हो और उन्हें हजारों करोड़ दे और वापस चले जाएं तथा उन्हें इसके लिए करना कुछ भी न पड़े। घटिया से घटिया सुविधा देकर अधिक से अधिक कमाई की मंशा रखने वालों को इन यात्रियों की परेशानियों के बारे में कुछ तो सोचने की जरूरत है।

## पीएनबी के एटीएम में लगी आग, नोट जलकर स्वाह

संवाददाता

देहरादून। पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में आग लगने से आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गयी। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया तब तक एटीएम मशीन में रखे नोट जलकर स्वाह हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रातः धर्मपुर के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से धुंआ उठता देख आसपास के लोग वहां पर पहुंचे तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। एटीएम के अन्दर से आग की लपटे उठते देख आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गयी। क्षेत्रवासियों ने घटना की सूचना पुलिस व फायर बिग्रेड को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच एटीएम के आसपास एकत्रित भीड को वहां से हटाया और फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सम्भावना जतायी जा रही है कि तब तक एटीएम मशीन में पडे नोट जलकर स्वाह हो गये थे। पुलिस आग लगने का कारण शॉट सर्किट मान रही है।

स्वावृग्देवस्यामृतं यदी गोरतो जातासो धारयन्त उर्वी।
विश्वे देवा अनु तत्ते यजुर्गुर्दुहे यदेनी दिव्यं घृतं वाः।।
(ऋग्वेद १०-१२-३)

अग्नि दिव्य अमृत को विकिरण कर अपनी ऊर्जाओं को द्यूलोक और पृथ्वी लोक पहुंचता है। जिससे इन लोकों में शक्ति और अन्य पदार्थ प्राप्त होते हैं। मानवता और प्रकृति इन उपहारों को पा कर प्रसन्न होते हैं। (ऋग्वेद १०-१२-३)

# प्रसिद्ध फिल्म निर्माता निर्देशक विपुल शाह उत्तराखण्ड में अपनी नई फिल्म के लिए उत्सुक, लोकेशन रेकी कर रहे

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड की नई फिल्म नीति 2024 को लेकर फिल्म जगत में उत्साह है। बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता निर्देशक उत्तराखंड में अपनी फिल्मों की शूटिंग के लिए आ रहे है। इसी कड़ी में बुधवार को सूचना निदेशालय में उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय से सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता विपुल अमृतलाल शाह और उनके सह निर्माता आशीन शाह ने अपनी आगामी फिल्म को लेकर मुलाकात की।

उल्लेखनीय है कि विपुल अमृतलाल शाह फिल्म निर्माता और निर्देशक हैं, जिनकी मुख्य फिल्मों में आँखे, सिंह इज द किंग, नमस्ते लन्दन, नमस्ते इंग्लैंड, द केरल स्टोरी आदि शुमार है। अभी हाल ही में विपुल शाह की जी5 पर बस्तर फिल्म रिलीज हुई है।

शाह ने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा नई फिल्म नीति 2024 लागू की गई है, जोकि फिल्म फ्रेंडली है। नई फिल्म नीति से बॉलीवुड में उत्साह का माहौल है। शाह ने बताया कि वह भी अपनी नई फिल्म की शूटिंग उत्तराखण्ड में करने के इच्छुक है।उनकी टीम अगले 5 दिन तक उत्तराखंड रहकर शूटिंग लोकेशन की रेकी करेगीं। शाह ने नई फिल्म नीति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार व्यक्त किया है। शाह ने बताया कि उनकी नई फिल्म में मुख्य कलाकारों के रूप में सुश्री शैफाली शाह और जयदीप अहलावत से बात की जा रही है। यह फिल्म एक कॉमेडी सस्पेंस फिल्म है और इसका संपूर्ण फिल्मांकन उत्तराखण्ड के देहरादून और मसूरी में किया जाएगा। फिल्म को लेकर विधिवत घोषणा कुछ दिनों में की जाएगी।

उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ नितिन उपाध्याय द्वारा नई फिल्म नीति 2024 से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर फिल्म फ्रेंडली नई फिल्म नीति बनाई गई है। इस फिल्म नीति से देश दुनिया के फिल्म निर्माता और निर्देशक उत्तराखंड की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

डॉ. उपाध्याय ने बताया कि राज्य सरकार फिल्म निर्माताओं के लिए उत्तराखंड को एक शूटिंग डेस्टिनेशन बनाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। अभी हाल ही में अनुपम खेर के बैनर "अनुपम खेर स्टूडियो" की फिल्म "तन्वी द ग्रेट" का शूट भी लैंसडौन में कैम्पलीट हुआ है। जिसकी शूटिंग यहाँ 36 दिनों तक कि गई है। एक और प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक राज शांडिल्य निर्देशित फिल्म "विकी विद्या का वो वाला वीडियो" की शूटिंग भी मार्च के महीने में कम्पलीट हुई है जिसमें मुख्य भूमिकाओं में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी हैं, यह एक कॉमेडी फिल्म है। इसके पहले काजोल और कृति सेनन अभिनीत "दो पत्ती" का भी शूटिंग दिसम्बर माह में समाप्त हुआ था, जिसका टीजर भी नेटफ्लिक्स पर आ चुका है।

▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# प्रावि लोधियाबगड के मानवी, सूरज व दक्ष को मिली छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता



नाचनी (पिथौरागढ़)। 'आइए अपने गांव से जुड़े' अभियान के तहत भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त वरिष्ठ शाखा प्रबंधक बहादुर सिंह धर्मशक्तू तथा जिला सेवायोजन अधिकारी के पद से सेवानिवृत्ति भगवती धर्मशक्तू द्वारा अपने माता श्रीमती अहिल्या देवी धर्मशक्तू तथा पिता विजय सिंह धर्मशक्तू की स्मृति में राजकीय प्राथमिक विद्यालय लोधियाबगड के टॉपर विद्यार्थियों मानवी, सूरज सिंह, दक्ष वर्मा को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लोधियाबगड के तीन टॉपर विद्यार्थियों विद्या कोरंगा, बिनीता कोरंगा, नब्या मेहरा को जिला पंचायत सदस्य पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों से विद्यार्थियों के बारे में हमेशा सचेत रहने का आव्हान किया गया।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लोधियाबगड के परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्घाटन बोरा गांव के ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू देवा ने किया। इस अवसर पर धर्मशक्तू परिवार द्वारा अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के अपनी कक्षा में टॉपर विद्यार्थी कक्षा 5 की मानवी को 750 में से 668 अंक लाने पर,कक्षा 2 के सूरज सिंह को 450 में से 396 अंक लाने पर, कक्षा 1 के दक्ष वर्मा को 450 में से 391 अंक लाने पर छात्रवृत्ति तथा डिक्शनरी के अलावा प्रकृति पत्र देकर इस दंपति के द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली कक्षा 6 की कुमारी विद्या कोरंगा, कक्षा 7 में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली कुमारी विनीता कोरंगा तथा कक्षा 7 में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली कुमारी नब्या मेहरा को जिला पंचायत सदस्य पुरस्कार 2023 के रूप में डिक्शनरी तथा प्रमाण पत्र की देकर सम्मानित किया गया।

**❑'आओं अपने गांव से जुड़े' अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम**
**❑धर्मशक्तू दंपति ने माता अहिल्या, पिता विजय सिंह की स्मृति में दी छात्रवृत्ति**
**❑विद्या, विनीता, नब्या को मिला जिपंस पुरस्कार 2023**

इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम राम तथा जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक गंगा सिंह पांगती द्वारा विद्यालय में किया जा रहे नवाचार के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गिरीश चंद्र जोशी ने किया।

इस अवसर पर धर्मसक्तू दंपति के द्वारा बताया गया कि वह हर वर्ष इस विद्यालय में अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में छात्रवृत्ति देते रहेंगे।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक धीरेंद्र पंत, शिक्षिका हेमा टमटा, महिला समूह की सदस्य गीता देवी, नीमा देवी, रेवती देवी, तारा देवी, मंजू देवी, कमला देवी, पार्वती देवी आदि उपस्थित रहे।

अपनी कक्षाओं में टॉपर आने वाले इन विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों के द्वारा टॉपर आने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी गई।

विद्यालय द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी किया गया। धर्मशक्तू दंपती द्वारा उपस्थित जनों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया था।

# गंगोत्री मार्ग पर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों को मुहैया कराया पानी, बिस्किट और भोजन

कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। गंगोत्री मार्ग पर बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की मदद को मोबाइल टीम तैनात कर दी है। टीम तीर्थयात्रियों को पीने का पानी, बिस्किट, ग्लूकोस और भोजना व्यवस्था करा रही है। इसके अलावा एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम जरूरत पड़ने पर तीर्थयात्रियों का चेकअप और फर्स्ट एड दे रही है।

यमुनोत्री धाम से रिकॉर्ड तीर्थयात्रियों का जत्था गंगोत्री धाम को आने से हाईवे पर दबाव बढ़ गया है। यहां शहर के रामलीला मैदान, भटवाड़ी रोड, नेताला, मनेरी, भटवाड़ी, गंगनानी, सुक्की, झाला, हर्षिल, धराली, भैरवघाटी से गंगोत्री तक संकरे मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। यहां रुक रुक कर वाहनों को आगे भेजा जा रहा है। ऐसे में तीर्थयात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन ने मोबाइल टीम बनाकर तीर्थयात्रियों को पानी, बिस्किट, फल और भोजन के पैकेट बांटे जा रहे हैं। मोबाइल टीम गंगोत्री से झाला और भटवाड़ी से सुक्की तक व्यवस्था संभाल रही है। टीम में तहसीलदार, पटवारी, पुलिस, एसडीआरएफ के जवान, होमगार्ड के अलावा स्थानीय लोग भी मदद कर रहे हैं। इसके अलावा मेडिकल टीमें भी तीर्थयात्रियों की मदद को तैनात की गई है। जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि गंगोत्री मार्ग पर वाहनों का दवाव बढ़ने पर तीर्थयात्रियों को पानी समेत अन्य जरूरी मदद दी जा रही है। इसके लिए मोबाइल टीमों को मदद के निर्देश दिए गए। तीर्थयात्रियों को नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था नजदीकी होटल, ढाबों के अलावा कुछ जगह भंडारे लगाए जा रहे हैं।

●गंगनानी और सुक्की, झाला क्षेत्र में निशुल्क भोजना व्यवस्था कराई
●तीर्थयात्रियों के चेकअप को एम्बुलेंस के साथ चल रहीं मेडिकल टीमें

# ऑपरेशन स्माइल, लोगो के चेहरों पर बिखेर रहा मुस्कान

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत जनपद पुलिस द्वारा 1 मई से 13 मई के बीच 76 लापता लोगों को सकुशल बरामद कर उन्हे परिजनों के सुपुर्द किया गया है। जिस पर परिजनों द्वारा पुलिस का आभार जताया गया है।

बता दें कि 1 मई से 30 जून तक पुलिस मुख्यालय, उत्तराखंड की पहल पर प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, ऊधम सिंह नगर डॉ. मंजुनाथ टीसी के आदेशानुसार व नोडल अधिकारी /सहायक पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर सुश्री नीहारिका तोमर के निर्देशन में 1 मई से 13 मई तक 5 बालिका, 33 पुरुष, 38 महिलाओं यानि कुल 76 लोगों को जो किसी वजह से परिजनों से बिछुड़ गए थे सकुशल परिजनों से मिलवाकर उनके सुपुर्द किया गया।

परिजनों द्वारा ऊधम सिंह नगर पुलिस के इस कार्य की सराहना की गई। अभियान में कुल 4 टीमों का सर्किलवार गठन किया गया है। जिनमें टीम प्रभारी 1 उपनिरीक्षक 4 कानि. तथा 1 महिला कानि. को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त इस अभियान में 1 टीम एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग सेल की भी है। गठित टीमों द्वारा जनपद में गुमशुदा महिला पुरुष व बच्चों को उनके परिजनों से मिलने हेतु यह अभियान मुख्यालय स्तर पर चलाया जा रहा है। गुमशुदाओं की तलाश हेतु सरहदीय जनपदो /राज्यों में जाकर जनपद के गुमशुदाओं को तलाश किया जाएगा।

# कैंट क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्य अधिशासी अधिकारी से मिले भाजपा नेता

कार्यालय संवाददाता

देहरादून । भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेंद्र पाल सिंह ने छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार से छावनी परिषद कार्यालय में मुलाकात की। भाजपा नेता देवेंद्र पाल सिंह ने मुख्य अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया गढ़ी कैंट से टपकेश्वर चौक तक की नाली बहुत ही दयनीय स्थिति में है। जगह जगह से बंद पड़ी नाली से अब दुर्गंध आ रही है। बरसात में जलभराव की स्तिथि उत्पन्न हो जाती है। उक्त नाली के पुन:निर्माण की मांग की। साथ ही उनके द्वारा गढ़ी कैंट के मुख्य बाजार से डोर टू डोर कूड़ा न उठाये जाने के संदर्भ में मुख्य अधिशासी अधिकारी से चर्चा की।

भाजपा नेता देवेंद्र पाल सिंह ने मुख्य अधिशासी अधिकारी से मांग की डेंगू के रोकथाम के लिए गढ़ी डाकरा में अभी से फॉगिंग और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कार्य प्रारंभ किया जाए। मुख्य अधिशासी अधिकारी ने कनिष्ठ अभियंता (निर्माण) नवनीत क्षेत्री को नाली बनाने के निर्देश दिए साथ ही सेनेटरी इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार को भी क्षेत्र से सौ प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा उठाने और गढ़ी डाकरा में फॉगिंग करने के निर्देश दिए।

# सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2024: केंद्रीय विद्यालय की बारहवीं की छात्रा प्रगति शुक्ला रही अव्वल

संवाददाता

देहरादून। सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में केन्द्रीय विद्यालय भारतीस सैन्य अकादमी की बारहवीं की छात्रा प्रगति शुक्ला देहरादून संभाग के 45 केन्द्रीय विद्यालयों में अव्वल रही।



आज यहा सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया। बड़े गौरव का विषय है कि विद्यालय की कक्षा बारहवीं की छात्रा प्रगति शुक्ला, केंद्रीय विद्यालय संगठन देहरादून संभाग के 45 केंद्रीय विद्यालयों में अव्वल रही। विद्यालय में तीनों संकायों में समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विज्ञान संकाय की प्रगति शुक्ला ने 97.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पायल 96.60 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर मानविकी संकाय की मान्या रावत 96.40 प्रतिशत अंकों के साथ रहीं। विद्यालय में कक्षा बारहवीं के 147 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी थी। परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 विद्यार्थियों के अंक 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक रहे। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में प्रगति शुक्ला ने 97.40 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। पायल 96.60 प्रतिशत आशना खान 96.0 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमश: द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। मानविकी संकाय में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में प्रथम मान्या रावत 96.40 प्रतिशत, द्वितीय रिया रावत 96.20 प्रतिशत एवं तृतीय योगिता राजपूत 93.20 प्रतिशत रहीं। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान पर 95.20 प्रतिशत अंकों के साथ साक्षी रही। पल्लवी धामी 95.0 प्रतिशत एवं प्रियांशा 93.80 प्रतिशत ने क्रमश: द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं बोर्ड में विद्यालय के कुल 156 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिनमें से 22 विद्यार्थियों के अंक 90 प्रतिशत और उससे अधिक रहे। विद्यालय का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में आयुष सिंह रावत 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, आकांक्षा रावत ने 96.0 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा प्रतीक्षा 95.20 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। विद्यार्थियों की विशिष्ट उपलब्धि से प्राचार्य माम चन्द, उप प्राचार्य रमेश चन्द, मुख्य अध्यापक सरोज कुमार वर्मा और सभी शिक्षकगण अत्यंत प्रफुल्लित एवं गौरवान्वित हैं। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई तथा उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की।

# स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने पुल नम्बर एक व दो के बीच एक मोटरसाईकिल सवार दो लोगों को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख मोटरसाईकिल को तेजी से भगाकर निकल गये।

पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से 77 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम तसलीम पुत्र मुरसलीन निवासी सहारनपुर व लदीम पुत्र तहजीब निवासी नवाबगढ विकासनगर बताया।

# एक व दो रुपये के सिक्के लेने से मना करने वालों के खिलाफहो कार्यवाही

संवाददाता

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए मांग की है कि एक व दो रूपये के छोटे सिक्के लेने से मना करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही हो।

आज यहां नेताजी संघर्ष समिति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में समिति ने मांग की है कि जनपद के सभी दुकानदारों को निर्देशित करें कि एक व दो रूपये के छोटे सिक्के क्रेताओं से लेने से मना करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। समिति ने कहा कि जनपद के सभी दुकानदारों को यह निर्देशित करें कि वह एक व दो रूपये के छोटे सिक्के प्रचलन में हैं। प्राय देखा गया है कि दुकानदार क्रेता को यह कहकर मना कर देते है कि छोटे सिक्के नहीं चल रहे है जबकि छोटे सिक्के भी राष्ट्रीय मुद्रा है। समिति ने जिलाधिकारी से जनहित में मांग की है कि वह अपने स्तर से सभी दुकानदारों को निर्देश करें कि छोटे सिक्के प्रचलन में हैं जो दुकानदार सिक्के को लेने से मना करे तो उस पर मुकदमा दर्ज हो कि वह राष्ट्रीय मुद्रा का विरोध कर रहे है। ज्ञापन देने वालों में आरिफ वारसी, प्रभात डंडरियाल, प्रदीप कुकरेती, सुशील विरमानी, नूर नाज, सुरेश कुमार, दानिश नूर, रफीक अहमद सिददकी आदि शामिल थे।

# दुपहिया वाहन पर मनोज तिवारी के समर्थन में प्रचार को निकले जोशी

संवाददाता

नई दिल्ली। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दिल्ली की गलियों में दुपहिया वाहन पर भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में प्रचार किया।



आज यहां उत्तराखण्ड के कृषि और सैनिक कल्याण मंत्री मंत्री गणेश जोशी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा के अंतर्गत दिल्ली तिमारपुर विधानसभा के मुरलीवाला कुआ सब्जी बाजार घंटाघर में संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली में किए गए भ्रष्टाचार पर प्रहार का है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में विश्व पटल पर भारत का मान-सम्मान बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है।

निश्चित तौर पर दिल्ली की जनता मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर मुहर लगाते हुए भाजपा को बड़े अंतर से विजय करने जा रही है। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रोहतास नगर विधानसभा के अशोक नगर मंडल के पहाड़ी मंदिर के डी ब्लॉक में और रामनगर मंडल के दीवान नर्सिंग होम में आयोजित सभा को भी संबोधित किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जोशी ने कहा जनता से मिल रहा अपार समर्थन इस बात का प्रमाण है कि दिल्लीवासी झूठ, तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार पर आधारिक सरकार के विरुद्ध दिल्ली की जनता ने भाजपा को प्रचंड मतों से विजयी बनाने जा रही है। जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीटें प्रचंड बहुमत से जीतने जा रही है।

उन्होंने कहा दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें भी भाजपा बड़े अंतर से विजय होने जा रही है। इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद श्याम लाल, कार्यक्रम संयोजक मनोज, मुकेश वर्मा, गिरीश बलूनी, अनुराज चंदेल, ओम प्रकाश, दीपक ठाकुर, राजू बंसल, भगवान दास, मनीष, सुरेंद्र शर्मा, पंकज, अभिषेक जैन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# हादसों की खूनी सड़कों पर डरावनी रिपोर्ट

-ललित गर्ग

सड़क हादसों पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की डरावनी, चिन्ताजनक एवं भयावह रिपोर्ट आई है। इसके मुताबिक, पिछले साल 4.61 लाख सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों ने जान गंवाई। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि तकरीबन हर एक घंटे में 53 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। हर घंटे इनमें 19 लोगों की मौत हुई। हादसों एवं लापरवाही की खूनी होती सड़कें चिन्ता का बड़ा सबब है। सड़कों की 'दुर्घटनाओं' के कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। सच यह है कि बेलगाम वाहनों एवं यातायात कानूनों एवं नियमों की अवहेलना की वजह से सड़कें अब पूरी तरह असुरक्षित हो चुकी हैं।

सड़क पर तेज गति से चलते वाहन एक तरह से हत्या के हथियार होते जा रहे हैं। उक्त रपट यह भी बताती है कि सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। इसी तरह सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक्सप्रेसवे हाईवे और राजमार्गों पर ओवर स्पीडिंग जानलेवा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देने का ही काम करती है, लेकिन न तो वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी समझने को तैयार हैं और न ही सरकारें एवं यातायात पुलिस। बीते वर्ष सड़क हादसों में 66 हजार से अधिक लोगों ने इसलिए जान गंवाई, क्योंकि उन्होंने सीट बेल्ट नहीं पहनी थी या फिर हेलमेट नहीं लगाया था।

यह विडम्बनापूर्ण है कि हर रोज ऐसी दुर्घटनाओं और उनके भयावह नतीजों की खबरें आम होने के बावजूद बाकी वाहनों के मालिक या चालक कोई सबक नहीं लेते। सड़क पर दौड़ती गाड़ी मामूली गलती से भी न केवल दूसरों की जान ले सकती है, बल्कि खुद चालक और उसमें बैठे लोगों की जिंदगी भी खत्म हो सकती है। पर लगता है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती एवं शौक का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज-मस्ती है जो कई जिन्दगियां तबाह कर देती है।

ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2०24 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है, जो एक उम्मीद जगाता है एवं रोशनी बन रहा है।

दुनिया में सर्वाधिक तेजी से उन्नत सड़कों का जाल बिछाने में भारत अग्रणी है। लेकिन सुविधाजनक एवं उन्नत होती सड़कों पर मौत की काली छाया का मंडराना सड़क विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह दाग सरकारी रिपोर्ट में ही सामने आया है, जिसके अनुसार देश में 2०23 में कुल 4,91,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,52,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्टीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,36,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,०5,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 5०,०29 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए।

राज्यों में तमिलनाडु में 2०22 में राष्टीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,1०5 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही। सड़क दुर्घटनाओं का लगातार बढ़ना अनेक सवाल खड़े करता है। तभी सुप्रीम कोर्ट भी तल्ख टिप्पणी कर चुका है कि ड्राइविंग लाइसेंस किसी को मार डालने के लिए नहीं दिए जाते। हादसों से संबंधित कानूनी प्रावधान अभी इस कदर कमजोर हैं कि किसी की लापरवाही की वजह से दो-चार या ज्यादा लोगों की जान चली जाती है और आरोपी को कई बार थाने से ही छोड़ दिया जाता है। सड़क दुर्घटनाओं ने कहर बरपा रखा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2००9 में सड़क सुरक्षा पर अपनी पहली वैश्विक स्थिति रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं की दुनिया भर में 'सबसे बड़े कातिल' के रूप में पहचान की थी। *(ये लेखक के अपने विचार हैं)*


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# ज्यादा दूध पीना भी सेहत के लिए है खतरनाक, जानिए एक दिन में कितना दूध पीना चाहिए



अक्सर घर के बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि दूध जरूर पीना चाहिए। इससे हड्डी मजबूत होती है। वहीं हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि दूध पीने से बाल, स्किन, हड्डी मजबूत होने के साथ शरीर को विटामिन डी, कैल्शियम और प्रोटीन भरपूर मात्रा में मिलते हैं। डॉक्टर भी कहते हैं सभी को दूध पीना चाहिए। लेकिन कुछ लोगों के लिए दूध पीना काफी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है।

ज्यादा दूध पीने से हार्मोनल इंबैलेंस हो सकता है। दूध में फैट और कैलोरी बहुत होती है जिसके कारण तेजी से वजन बढ़ता है। इसमें काफी ज्यादा लैक्टोज पाया जाता है। जिसके कारण वजन बढ़ सकता है।

होने लगती हैं ये परेशानियां

रोजाना दूध पीने से पेट से जुड़ी गंभीर समस्या हो सकती है, जैसे- गैस, अपच, पेट फूलना, दस्त और कब्ज। दूध में बैड और गुड दोनों तरह की बैक्टीरिया पाई जाती है। इसलिए दोनों में बैलेंस बनाना बेहद जरूरी है।

पाचन से जुड़ी दिक्कत

ज्यादा दूध पीने से पाचन से जुड़ी कई सारी दिक्कतें हो सकती है। इसमें मौजूद लैक्टोस कई लोगों को पचती नहीं है। पाचन बिगड़ने लगती है। और बाद बैचेनी और उल्टी होती है।

स्किन से जुड़ी समस्याएं

अगर आपको स्किन एलर्जी की दिक्कत है तो आपको बिल्कुल भी दूध नहीं पीना चाहिए। इससे एक्ने, पिगमेंटेशन की समस्या हो सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक स्किन की बीमारी से पीड़ित लोगों को दूध से कई तरह की बीमारी हो सकती है। साथ ही शरीर पर लाल चकत्ते निकल सकते हैं।

लिवर से जुड़ी परेशानी

जिन लोगों को लिवर की परेशानी है तो उन्हें भूल से भी दूध नहीं पीना चाहिए। दूध फैट से भरपूर होता है। साथ ही लिवर इसे ठीक से पचा नहीं पाता है। जिसके कारण लिवर में सूजन हो जाती है।

एक दिन में कितना दूध पियें

हर व्यक्ति को अपनी शारीरिक क्षमता के हिसाब से दूध पीना चाहिए, साथ ही उम्र और हाइट के हिसाब से दूध पीना चाहिए।

3 साल तक के उम्र वाले बच्चे - 3०० से 5०० मिलीलीटर दूध

4 से 1० साल तक की उम्र -4०० से 6०० मिलीलीटर दूध

11 साल से 18 साल तक उम्र-5०० मिलीलीटर से 7०० मिलीलीटर दूध

18 साल से ज्यादा उम्र-1 से 2 गिलास दूध (आरएनएस)

# त्वचा को हाइड्रेट रखने में कारगर है यह जूस

गर्मी के मौसम में त्वचा का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। खरबूजा खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना गया है। यही नहीं इसका जूस त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करता है और चेहरे की गंदगी को साफ करता है। यह त्वचा के लिए नेचुरल मॉइश्चराइजर का काम करता है। इसमें पानी और विटामिन भरपूर होता है, जो चेहरे को खूबसूरत बनाने में मदद करता है।

गर्मी के दिनों में अगर आप रोजाना खरबूजे का जूस पीते हैं, तो इसमें मौजूद एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण त्वचा के चिपचिपे पन को दूर कर पिंपल्स को कम करने में मदद करते हैं। इसके जूस में विटामिन सी भरपूर होता है, जो त्वचा को मुलायम बनाता है। यही नहीं खरबूजे का जूस झुर्रियों को कम करने में भी काफी कारगर माना गया है। इसके अलावा खरबूजा सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद माना गया है।

खरबूजे का जूस आप घर पर बनाकर पी सकते हैं। इसके अलावा आप किसी स्टोर से खरीद कर उसका उपयोग करें। इसे आप दिन में दो बार पी सकते हैं, ध्यान रहे जूस ताजा होना चाहिए। इसके अलावा आप खरबूजे के जूस को किसी दूसरे जूस में शामिल कर भी पी सकते हैं। गर्मी के दिनों में आप खरबूजे के जूस को अपनी डाइट में शामिल कर अपनी त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

इसके अलावा कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। जैसे इसके जूस का अधिक सेवन करने से कुछ लोगों को समस्या हो सकती है। अगर इससे आपको कोई एलर्जी या समस्या होती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। डायबिटीज पेशेंट इसका सेवन डॉक्टर की सलाह लेकर करें। अगर आप भी चमकदार स्किन पाना चाहते हैं, तो आज से खरबूजे का जूस पीना शुरू कर दें। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य - 79

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## विक्की-सारा की जरा हटके जरा बचके ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर होगी स्ट्रीम

जरा हटके जरा बचके 2023 की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है. विक्की कौशल और सारा अली खान स्टारर इस रोमांटिक कॉमेडी को दर्शकों ने खूब सराहा. अब, लगभग एक साल के इंतजार के बाद, फिल्म ओटीटी पर अपना प्रीमियर करने के लिए पूरी तरह तैयार है. आइए जानते हैं फिल्म कब और किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी.

जरा हटके जरा बचके फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था. वहीं जिन्होंने यह फिल्म थिएटर में जाकर नहीं देखी उनके लिए यह एक तोहफा है. जी हां जरा हटके जरा बचके अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है. स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा ने फिल्म जरा हटके जरा बचके की मोस्ट अवेटेड डिजिटल रिलीज की घोषणा की. फिल्म से एक जबरदस्त ट्रेलर रिलीज करते हुए फिल्म की ओटीटी रिलीज का अनाउंसमेंट किया गया. इस फिल्म में विक्की कौशल और सारा अली ने लीड रोल प्ले किया है.

फिल्म की ओटीटी रिलीज का अनाउंसमेंट एक खास ट्रेलर के साथ किया गया. जियो सिनेमा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज करते हुए कैप्शन लिखा, सह-परिवार शादी की थी, अब सह-परिवार तलाक भी होगा! तो आप सब तलाक में जरूर आना जरा हटके जरा बचके स्ट्रीमिंग 17 मई से स्पेशल रूप से जियोसिनेमा प्रीमियम पर.

जरा हटके जरा बचके सिनेमाघरों में 2 जून 2023 को रिलीज हुई थी. अब फिल्म का एक साल होने वाला है. अब जाकर फिल्म को ओटीटी रिलीज मिली है. यह 17 मई को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगी.

## बॉक्स ऑफिस पर बड़े मियां छोटे मियां और मैदान का हुआ डब्बा गोल

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कई फिल्में लगी हुई हैं, लेकिन कमाई के मामले में लगभग सभी का हाल बराबर है। बड़े मियां छोटे मियां और मैदान सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। मगर इन फिल्मों का भी डब्बा गोल हो चुका है। दोनों फिल्में रेंग रेंग के आगे बढ़ रही हैं।

बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने में फेल साबित हुई हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी ये फिल्म 350 करोड़ रुपये के बजट में बनकर तैयार हुई। मगर ये फिल्म अभी तक 100 करोड़ का आंकड़ा भी नहीं छू पाई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 30वें दिन फिल्म ने महज एक लाख रुपये की कमाई की है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 64.71 करोड़ रुपये हो गई है।

अभिनेता अजय देवगन की फिल्म मैदान रिलीज के करीब एक महीने बाद 50 करोड़ कमा पाई है। मैदान शुरुआत से ही रेंग रेंग कर कमाई कर रही है। अजय देवगन जैसे बड़े सुपरस्टार का स्टारडम भी फिल्म को डूबने से बचा नहीं पाया है। ईद के मौके पर रिलीज हुई ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी है। 30वें दिन फिल्म ने 20 लाख रुपये की कमाई की है। फिल्म का कुल कारोबार अब 50.35 करोड़ रुपये हो पाया है।

## 17 मई को रिलीज होगा पंचायत 3 का ट्रेलर ?

साल 2020 में लॉकडाउन के समय लोगों का झुकाव वेब सीरीज की तरफ ज्यादा बढ़ गया। कुछ वेब सीरीज को तो बहुत ही पसंद किया गया और मेकर्स अब उनके आगे के सीजन लेकर आ रहे हैं। उन वेब सीरीज में से एक पंचायत भी है जिसका तीसरा सीजन अब आने वाला है। इसका पहला सीजन 2020 में आया और दूसरा सीजन 2022 में आया था। अब पंचायत का तीसरा सीजन इसी साल 28 मई को रिलीज होने वाला है।

पंचायत 3 के पोस्टर से लेकर टीजर तक और रिलीज डेट से लेकर ट्रेलर की रिलीज डेट का इंतजार फैंस को काफी रहा है। अब मेकर्स और कास्ट ने पंचायत 3 का ट्रेलर कब आएगा उसकी तारीख भी बता दी है। चलिए आपको भी वो तारीख बता देते हैं।

पंचायत वेब सीरीज को टीवीएफ यानी द वायरल फीवर नाम के प्रोडक्शन में बनाया गया है। इसी के आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पंचायत का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इसके साथ ही कैप्शन में बताया गया, ट्रेलर की तारीफ लॉक हो गई है। पोस्टर के ऊपर लिखा है कि पंचायत 3 का ट्रेलर 17 मई को रिलीज होगा।

इस पोस्टर को देखकर आप आने वाली सीरीज की असल कहानी समझ सकते हैं। फिर भी वेब सीरीज देखने में काफी मजा आने वाला है। इसमें सचिव जी और प्रधान की बेटी की लव स्टोरी भी देखने को मिलेगी। वहीं बकासुर और प्रधान की दुश्मनी भी देखने को मिलेगी। कुल मिलाकर पंचायत 3 बहुत ही धमाल मचाने वाली है।

दीपिक कुमार मिश्रा के निर्देशन में बनी पंचायत की तीनो सीरीज लाजवाब रही है। पंचायत 3 आने वाली 28 मई को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। इसमें जितेंद्र कुमार, रघुबीर यादव, चंदन रॉय, सांविका और नीना गुप्ता अहम रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंचायत यहीं नहीं रुकेगी बल्कि इसका चौथा पार्ट भी आने वाले एक-दो साल में रिलीज किया जा सकता है।

# हाउसफुल 5 में नजर आएंगे अभिषेक बच्चन



साजिद नाडियाडवाला की कॉमेडी फेंचाइजी हाउसफुल को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। अब तक इसकी 4 फिल्में आ चुकी हैं और अब इस फिल्म के 5वें पार्ट का इंतजार है। फैंस भी हाउसफुल 5 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब तक फिल्म को लेकर कोई खास अपडेट नहीं आया है लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की स्टारकास्ट में एक और नाम जोड़ दिया है। इसका ऐलान मेकर्स ने सोशल मीडिया पर भी कर दिया है।

साजिद नाडियाडवाला की फिल्म हाउसफुल 5 का ऐलान पिछले साल किया था। तभी से फैंस इसकी हर एक अपडेट पाने के लिए बेकरार थे। वहीं अब साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म के स्टारकास्ट में से एक नए नाम को रिवील कर दिया है। साजिद ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर बताया है कि हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है।

जी हां, साजिद के बेटे ने अपने इंस्टाग्राम पर अभिषेक बच्चन और साजिद की एक तस्वीर पोस्ट की है। इसके साथ ही कैप्शन में ये भी जानकारी दी है कि फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है। कैप्शन में लिखा है- हम लोग ऐलान करते हैं कि हाउसफुल 5 में फिर से अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है। हम उन्हें वापस पाकर बहुत खुश हैं।

अभिषेक बच्चन ने भी फिल्म में वापसी करने के बाद अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि- हाउसफुल मेरी फेवरेट कॉमेडी फ्रचाइंची है। अब इस फिल्म में वापस आकर बिल्कुल घर जैसा फील हो रहा है। साजिद नाडियाडवाला के साथ काम करना हमेशा बहुत खुशी की बात रही है। मैं अपने साथी कलाकारों अक्षय और रितेश के साथ सेट पर जमकर मस्ती करने के लिए भी बहुत एक्साइटिड हूं। मैं अपने प्यारे दोस्त तरुण मनसुखानी के साथ फिर से काम करने के लिए बहुत एक्साइटिड हूं। मैं दोस्ताना के बाद अब उनके साथ दोबारा काम करने जा रहा हूं।

फिल्म में अभिषेक के साथ ही रितेश देशमुख और अक्षय कुमार भी नजर आएंगे। इसके अलावा रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में इस बार अनिल कपूर और नाना पाटेकर भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा चंकी पांडे का भी किरदार इस फिल्म में देखने को मिलेगा। फिल्म की रिलीज की बात करें तो ये फिल्म अगले साल यानी 2025 में 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। (आरएनएस)

# श्रेयस तलपड़े-विजय राज की कर्तम भुगतम का ट्रेलर जारी

श्रेयस तलपड़े और विजय राज की आगामी मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म कर्तम भुगतम का दमदार ट्रेलर जारी हो चुका है। यह फिल्म कर्म और भाग्य की रोमांचक यात्रा पर ले जाएगी। दिलचस्प ट्रेलर एक ऐसी दुनिया की झलक पेश करता है, जहां मानव मनोविज्ञान ज्योतिष के रहस्यों से टकराता है। कर्तम भुगतम कर्म के जटिल जाल को दिखाता है और इस शाश्वत सत्य को साबित करता है कि कर्मों के परिणाम होते हैं।

टीजर एक ऐसी कहानी की ओर इशारा करता है, जो सदियों पुरानी सच्चाई को दिखती है। हर कार्य का एक परिणाम होता है। ट्रेलर में देखने को मिला की श्रेयस तड़पड़े का किरदार हंसी-खुशी जिंदगी जी रहा होता है, लेकिन अचानक उसके जीवन में कुछ ऐसी घटनाएं घटती हैं, जिसके बाद वह हताश हो जाता है और जब उनसे कहीं से उम्मीद नहीं मिलती तो वह ज्योतिषी के कर्म और भाग्य के खेल के जाल में फंस जाता है।

श्रेयस का किरदार समाधान पाने के लिए ज्योतिषी बने विजय राज के पास पहुंच जाता है, जो कर्म और उसके फल के बारे में बता रहा है। उन्होंने कहा कि जो होना है वो होकर रहेगा। जन्म, मृत्यु सब लिखी होती है, जो किया वो कर्म है, जो कर रहा है, वो धर्म है और जो होगा, वो कर्तम भुगतम। ज्योतिष और कर्म के प्राचीन सार्वभौमिक सत्यों को जोड़ते हुए फिल्म यह बताने की कोशिश करेगी कि कैसे हर काम के कुछ निश्चित परिणाम होते हैं, जैसी कि सदियों पुरानी हिंदी कहावत है कि जैसा करोगे, वैसा भरोगे।

# आनंद देवराकोंडा की फिल्म गम गम गणेशा की आकर्षक पोस्टर के साथ रिलीज डेट भी आई सामने



युवा अभिनेता आनंद देवराकोंडा, जिन्होंने डोरसानी, मिडिल क्लास मेलोडीज़ और पुष्पका विमानम जैसी फिल्मों से टॉलीवुड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, ने साई राजेश द्वारा निर्देशित बेबी के साथ अपने करियर की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाई। वह अब गम गम गणेशा नाम से एक एक्शन एंटरटेनर लेकर आ रहे हैं। हाल ही में जारी दिलचस्प फर्स्ट लुक, टीजर और गाने ने सभी का ध्यान खींचा।

प्रगति श्रीवास्तव ने मुख्य भूमिका निभाई है। गम गणेशा उदय शेट्टी द्वारा लिखित और निर्देशित है। फिल्म का निर्माण हाई-लाइफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले केदार सेलागामाशेट्टी और वामसी करुमांची द्वारा किया गया है। आज, निर्माताओं ने एक आकर्षक पोस्टर के साथ बहुप्रतीक्षित रिलीज़ डेट की घोषणा की।

पोस्टर में आनंद देवरकोंडा एक चट्टान पर खड़े होकर बंदूक से फायरिंग करते नजर आ रहे हैं, जिसमें से गुलाब की पंखुड़ियां निकल रही हैं. पोस्टर का बैकग्राउंड लाल रंग से भरा है और तारीख पीले रंग में रखी गई है। यह फिल्म 31 मई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सिनेमाघरों में कॉमेडी, अराजकता और भ्रम बहुत जल्द शुरू हो जाता है। निर्माता मई की शुरुआत से क्रिएटिव प्रमोशन की योजना बना रहे हैं।

चैतन भारद्वाज ने गम गम गणेशा के लिए संगीत तैयार किया है। कार्तिका श्रीनिवास आर फिल्म की संपादक हैं। फिल्म के सह-निर्माता अनुराग परवाथेनी हैं। फिल्म में करिश्मा, वेनेला किशोर, जबरदस्त इमैनुएल और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

फिल्म के आकर्षण को बढ़ाने के लिए इसके शानदार कलाकारों की टोली है, जिसमें करिश्मा, वेनेला किशोर, जबरदस्त इमैनुएल और अन्य शामिल हैं, प्रत्येक स्क्रीन पर अपना अनूठा आकर्षण ला रहे हैं। प्रतिभाशाली चैतन भारद्वाज द्वारा रचित संगीत के साथ, यह फिल्म न केवल एक मनोरम कथा बल्कि एक आनंददायक श्रवण अनुभव भी पेश करने के लिए तैयार है।

जैसे ही इसकी रिलीज की उलटी गिनती शुरू होती है, गम गम गणेशा दर्शकों को एक यादगार सिनेमाई यात्रा सुनिश्चित करते हुए भरपूर मात्रा में हंसी, रोमांच और मनोरंजन देने का वादा करता है।

# विरासत' के मुद्दे पर रणनीतिक घेराबंदी

राशिद किदवई

इस लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस को सतर्क रहने की जरूरत यह थी कि भाजपा हर तरह से उसे कमजोर करने और रक्षात्मक बनाने की कोशिश करेगी। वह अपनी पहले की उपलब्धियों तथा मोदी सरकार की खामियों को असरदार तरीके से मतदाताओं के सामने पेश नहीं कर पा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के एक भाषण को तोड़-मरोड़कर भाजपा ने एक बड़ा विमर्श खड़ा कर दिया, जिसमें उन्होंने देश के संसाधनों पर अल्पसंख्यकों के साथ-साथ सभी वंचित समुदायों के अधिकार की बात की थी।

उल्लेखनीय है कि डॉ सिंह के कार्यकाल में सच्चर कमिटी की रिपोर्ट आयी थी, जिसमें रेखांकित किया गया था कि सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मुस्लिम समुदाय की हालत बेहद खराब है। लेकिन उस रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई की गयी, इसकी कोई रिपोर्ट तत्कालीन सरकार नहीं पेश कर सकी थी। जबकि इस चुनाव से ठीक पहले तक भाजपा और केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए किये जा रहे प्रयासों का श्रेय ले रही थी।

इसके बरक्स हम कांग्रेस को देखें, तो वह अपने चुनावी घोषणापत्र में कही गयी बातों को ठीक से लोगों के पास नहीं ले जा पा रही है। इसी वजह से उन मुद्दों पर चर्चा भी नहीं हो रही है। भाजपा ने मुस्लिम मुद्दे और कांग्रेस में वाम सोच के लोगों के असर को मिलाकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है, जिसमें वह कामयाब होती दिख रही है।

देश में एक बड़ा मध्य वर्ग है, जिसकी संख्या चालीस करोड़ से अधिक बतायी जाती है और जो राजनीतिक रूप से भी मुखर है और मतदान में भी बड़ी तादाद में हिस्सा लेता है। उस वर्ग में भाजपा इस बात को ले गयी कि कांग्रेस विरासत कर का कानून लाना चाहती है और लोगों की कमाई को हड़पना चाहती है। इस बात को बार-बार कहा जा रहा है। लेकिन कांग्रेस उसका ठीक से जवाब नहीं दे पा रही है।

दिलचस्प बात यह है कि एक तरह खुद कांग्रेस ने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारी। अमेरिका में बैठे ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने एक साक्षात्कार में उल्लेख किया कि अमेरिका में विरासत पर टैक्स लगाया जाता है। इस संबंध में पहली बात तो यह कि भारत और अमेरिका की आर्थिक स्थिति बिल्कुल भिन्न है। दूसरी बात यह है कि सबको पता है कि अमेरिका में राज्यों के अलग-अलग क़ानून होते हैं। वहां सभी राज्यों में इस तरह का कानून नहीं है।

शायद पांच-छह राज्यों में ऐसे कानून हैं और उनके भी प्रावधान अलग-अलग हैं। इस बयान से कांग्रेस को नुकसान पहुंचा है। उसने इसका खंडन और स्पष्टीकरण भी दिया, तो अगर-मगर के साथ दिया। जहां कांग्रेस को फोकस के साथ आक्रामक होना था, वहां वह अपने ही लोगों के बयानों के चलते फंसती नजर आ रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति से आप असहमत हो सकते हैं, लेकिन उनकी इस क्षमता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है कि उन्हें यह बखूबी पता होता है कि कौन सी बात जनता में पसंद की जायेगी या किस चीज पर लोग आकर्षित होंगे। इस चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस के साथ के क्षेत्रीय दलों पर अपेक्षाकृत कम हमलावर हैं। मुख्य रूप से उनके निशाने पर कांग्रेस और राहुल गांधी हैं। यह उनकी शैली रही है।

राहुल गांधी न तो कांग्रेस की ओर से और न ही इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। फिर भी प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव अभियान के वे केंद्र में हैं क्योंकि यह भाजपा की रणनीति का हिस्सा है कि चुनाव को मोदी बनाम राहुल गांधी बनाया जाए। इसीलिए भाजपा बार-बार यह सवाल उठा रही है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव क्यों नहीं लड़ रहे हैं।

अगर राहुल गांधी ऐसा करते हैं, तो भाजपा को यह बात कहने में और आसानी हो जायेगी कि यह चुनाव मोदी बनाम राहुल गांधी है क्योंकि आम तौर पर दो लोकसभा सीटों से वे ही नेता चुनाव लड़ते हैं, जो प्रधानमंत्री पद के दावेदार होते हैं। इस मामले में कांग्रेस ने तुरंत कोई निर्णय न लेकर भाजपा के लिए काम आसान ही किया है। रणनीति के मामले में कांग्रेस की और भी खामियां सामने आ रही हैं।

इंडिया गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किये हैं। अगर गठबंधन बना है, तो एक कार्यक्रम के तहत चुनावी मैदान में उतरना ज्यादा असरदार होता। ऐसा कार्यक्रम बनाना कोई मुश्किल की बात नहीं थी क्योंकि यूपीए के समय का कॉमन मिनिमम प्रोग्राम एक उदाहरण के रूप में उनके सामने था। उस कार्यक्रम को सजाकर कर एक नयी दृष्टि और योजना के साथ लोगों के सामने रखा जा सकता था। समूचे गठबंधन का एक साझा घोषणापत्र नहीं होने से मतदाताओं के बीच संदेश पहुंचाने में मुश्किल हुई है। कांग्रेस के साथ एक बड़ी कमी यह भी है कि प्रतिक्रिया देने की कोई सुव्यवस्थित ढांचा नहीं है। अगर भाजपा की ओर से कोई बात कही जा रही है, कोई आरोप लगाया जा रहा है, तो तुरंत उस पर ठोस जवाब आना चाहिए। आप देखें कि अमेरिका में बैठकर सैम पित्रोदा ने विरासत कर की बात की और तुरंत उस पर प्रधानमंत्री समेत तमाम बड़े भाजपा नेताओं के आक्रामक बयान आने लगे। उस बात को बड़ा चुनावी मुद्दा उन्होंने बना दिया। यह समझना जरूरी है कि निजी संपत्ति का मसला एक संवेदनशील विषय होता है।

गरीब हो या अमीर, हर कोई अपनी जमीन, गहने, बचत आदि को लेकर भावनात्मक होता है। भाजपा ने विरासत कर के मुद्दे को उठाकर लोगों को यह जताने का प्रयास किया है कि कांग्रेस निजी संपत्ति के विरुद्ध है। इसी मामले में संपत्ति वितरण को जोड़ दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मसले को मंगलसूत्र से जोड़कर प्रभावी बना दिया।

चुनाव प्रचार में यह बहुत महत्वपूर्ण नहीं होता है कि कोई बात तथ्यात्मक रूप से किसी सही है या गलत है। प्रधानमंत्री मोदी की एक लोकप्रियता है और उनके पास संदेश को असरदार ढंग से लोगों तक पहुंचाने की क्षमता है। लेकिन जब उनके बयानों का खंडन होता है, तो उसमें वह प्रभाव नहीं आ पाता है। कांग्रेस अपने भीतर के उथल-पुथल को भी संभालने में कामयाब नहीं रही है। यह बात अनेक राज्यों में टिकट बंटवारे और सहयोगी दलों के साथ तालमेल बनाने में साबित हो चुकी है। यह विडंबना ही कही जायेगी कि दिल्ली में, जहां कांग्रेस का समूचा शीर्ष नेतृत्व है, पार्टी के भीतर बवाल मचा हुआ है। गठबंधन पर और टिकट को लेकर राज्य इकाई के अध्यक्ष ने ही इस्तीफा दे दिया है। यह प्रकरण संगठनात्मक असफलता को ही दर्शाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सू- दोकू क्र. 79

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.78 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# सियासी खुदकुशी होगी

आरक्षण एक बार फिर चुनाव मैदान में है। अंतर केवल इतना है कि अबकी इसे लालू प्रसाद ने नहीं, कांग्रेस ने लाया है। इसके नेता राहुल गांधी अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को आरक्षण मिटाने वाला गैंग कह रहे हैं। इससे भाजपा आत्मरक्षात्मक मुद्रा में आ गई है। उसे 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में मिली चोट ताजा हो गई है। तब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने चुनाव-बीच आरक्षण की समीक्षा की बात कर चौंका दिया था। यद्यपि संविधान में इसका जिक्र है कि 15 साल बाद इसकी समीक्षा की जाएगी और उस आधार पर हटाया भी जा सकता है, लेकिन संसद सर्वसम्मत से इसे आगे बढ़ाती रही है। यह मान लिया गया है कि भारतीय समाज इस उन्नत दशा में नहीं पहुंचा है कि आरक्षण की समीक्षा की जाए। इसे ध्यान में रखकर ही भागवत के बयान पर सफाई दी गई और दिलाई भी गई। पर राजद नेता लालू प्रसाद ने बड़ी कुशलता से मतदाताओं का रुख बदल दिया था।

भाजपा बिहार में कमांडर होते-होते रह गई थी। इस बार भी कांग्रेस के प्रचार से ऐसे परिणाम के आसार नजर आ रहे हैं। जब 2024 के चुनाव में, नरेन्द्र मोदी की भाजपा ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया तो विपक्ष ने, इतनी सीटों को संविधान बदलने, लोकतंत्र नष्ट करने के उसकी 'हवस' से जोड़ दिया।

इसमें भाजपा के कुछेक अदूरदर्शी नेताओं के बयान-भाषणों ने भी कांग्रेस का साथ दिया। आरक्षण पर आरएसएस का शुरू से ही एक रिजर्वेशन रहा है। इसलिए जब भी ऐसी चर्चा होती है, संघ के स्थापना काल का नजरिया सामने आ जाता है। भागवत इससे इनकार करते हैं। यह सच है कि मोदी का मौजूदा मंत्रिमंडल आरक्षण के व्यवहारत- निर्वाह का सुंदर प्रमाण है।

यह स्वतंत्र भारत का ऐसा पहला मंत्रिमंडल है। खुद मोदी ओबीसी हैं। फिर भारतीय राजनीतिक चेतना के मौजूदा स्तर को देखते हुए संविधान, चुनाव या लोकतंत्र तथा आरक्षण को खारिज करने की किसी दल की हिमाकत, उसकी सियासी खुदकुशी होगी। इसके लिए कौन दल तैयार होगा? आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र सब रहेगा। यह बिल्कुल प्रचार के लिए प्रचार की बात है। इसमें वह कांग्रेस अपरहैंड है। भाजपा सफाई तो दे रही है पर इसका प्रतिकारी विमर्श कम बना रही है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो, उसके विज्ञापन एवं उसके नेताओं के मुद्दे भाजपा के लिए एक छटपटाहट पैदा करते हैं। एक दशक धुआंधार कार्यक्रम चलाने वाली सत्ताधारी पार्टी के पास विपक्ष को घेरने के मुद्दे में टटकापन नहीं है।(आरएनएस)

# नम्रता सेठ ने किया खुलासा, गर्मियों में किस तरह रखती हैं अपनी बालों और स्किन का ध्यान



एक्ट्रेस नम्रता सेठ ने बताया कि वह गर्मियों में कम से कम मेकअप करना पसंद करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि उनकी स्किन अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहे।

वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में अपने काम के लिए मशहूर नम्रता ने अपने समर स्किनकेयर और हेयरकेयर रूटीन के साथ-साथ फिटनेस मंत्र के बारे में भी बात की।

नम्रता सेठ ने कहा, गर्मियों के लिए मेरा स्किन केयर रूटीन यह है कि जितना संभव हो उतना कम मेकअप करती हूं, अपनी स्किन को लाइटवेट सीरम और सनस्क्रीन के साथ सुपर हाइड्रेटेड रखने की कोशिश करती हूं, ताकि मैं चिलचिलाती धूप से बच सकूं। मैं बस इतना ही करती हूं, अपने चेहरा को हर समय साफ और हाइड्रेटेड रखती हूं, और बहुत सारे प्रोडक्ट्स या हैवी मेकअप लगाने से बचती हूं, क्योंकि गर्मियों में पसीना बहुत आता है।

अपनी डू इट योरसेल्फ रूटीन के बारे में, नम्रता ने कहा, मैं घर पर खीरे को पीसकर और फिर उसे दही के साथ मिलाकर अपने चेहरे पर लगाती हूं। हमारे पास बहुत सारी नेचुरल रेमेडी हैं, जो हमारी माएं और दादी-नानी सालों से करती आ रही हैं, जैसे उबटन। मैं जितना हो सके, पानी पीती हूं।

नम्रता ने आगे बताया कि कैसे शूटिंग के चलते गर्मी से उनके बालों को नुकसान पहुंचता है, जो दुर्भाग्य से उनके प्रोफेशन के लिए सही नहीं है।

उन्होंने कहा, मैं हर महीने हेयर स्पा लेने की कोशिश करती हूं। यह एक तरह का इन्वेस्टमेंट है, जिसे मुझे आजमाना होगा। यह मेरे बालों के नुकसान को कम करता है। जब मैं घर पर होती हूं, तो मैं अपने बालों में तेल लगाकर रखती हूं, जिससे मेरे बालों की ग्रोथ हो सके। मैं अपने बालों को कंडीशन करने की कोशिश करती हूं।

अपनी फिटनेस रूटीन के बारे में बात करते हुए नम्रता ने कहा, मैं हर दिन किसी न किसी तरह की फिटनेस रूटीन को शामिल करने की कोशिश करती हूं, भले ही वह कम दूरी की वॉक ही क्यों न हो। मुझे लगता है कि एक्टिव रहना वास्तव में जरूरी है, एक्टिव रहने से आपका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। मैं अपने दिन की शुरुआत मेडिटेशन से करती हूं। इसके बाद मैं अपनी बॉडी को एक्टिव रखने के लिए या तो जिम जाती हूं या डांस या बॉक्सिंग क्लास... (आरएनएस)



# जानलेवा हमले की नियत से की थी फायरिंग, दो नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। जानलेवा हमले की नियत से फायरिंग करने वाले दो नाबालिग सहित पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियो में से तीन शातिर किस्म के बदमाश है जिन पर पूर्व में भी कई मुकदमें दर्ज है।

जानकारी के अनुसार बीती 14 मई को हरप्रीत उर्फ हैप्पी पुत्र जरनैल सिंह निवासी शांति कॉलोनी रुद्रपुर द्वारा कोतवाली रूद्रपुर में तहरीर देकर बताया गया था कि बीती 11 मई को वह अपने दोस्त मोहित के साथ जब रेशम बड़ी की तरफ जा रहा था तभी होली चौक रेशमबाड़ी के पास घात लगाकर बैठे दस बारह युवकों द्वारा उस पर तमंचा तानकर फायर किया गया जिसमें वह बाल-बाल बच गया। बताया कि इसके अलावा उसके साथ उन लोगों द्वारा लात घूसो और बेल्टों से उसकी पिटाई की गई। जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराई गई। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी।

आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयासों के बाद एक सूचना के तहत आज सुबह घटना में शामिल 2 नाबालिगों सहित कुल 5 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा व दो बैल्ट भी बरामद की गयी है।

गिरफ्तार लोगों के नाम सोहेल पुत्र फरीद बाबा निवासी वार्ड नंबर 17 खेड़ा रुद्रपुर, समीर पुत्र गुड्डू व रिजवान उर्फ रिजवी पुत्र नजीर अहमद बताये जा रहे है। पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर किस्म के बदमाश है जिन पर पूर्व में भी कई मुकदमें दर्ज है।

## 40 लाख की ठगी में दो वर्षो से फरार... ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

कि वर्ष 2022 में थाना गंगनहर पर एक महिला द्वारा ने सूचना दी गयी थी कि उसके पति की मृत्यु कोरोना बीमारी के कारण माह मई, 2022 में तथा देवर की मृत्यु भी जुलाई 2021 में हार्ट अटैक से हो गयी थी, जिस वजह से वह महिला काफी परेशान हो गयी थी। उसने माह अक्टूबर 2021 में टीवी देखते हुए एक इश्तहार से सुलेमान बाबा जी उर्फ असरद खान का मोबाईल नम्बर देखा और उससे बात करी तो तांत्रिक द्वारा उसे बताया गया कि उसके परिवार पर मौत का खतरा मडरा रहा है अभी और मौते होनी है जिससे वह डर गयी और उसने इलाज के बहाने तांत्रिक सुलेमान बाबा को करीब 40 लाख रुपये दे दिये। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तांत्रिक बाबा की तलाश शुरू कर दी गयी लेकिन वह तभी से फरार चल रहा था।

पूछताछ में तांत्रिक सुलेमान बाबा उर्फ अरशद उर्फ इंतजार उर्फ भूरा ने बताया कि वह इस काम में विगत 15 सालों से लिप्त है उसके द्वारा पहले विज्ञापन दिये जाते है जिसके बाद उससे सम्पर्क करने वालों से रूपये ऐंठे जाते है। बताया कि उसके खिलाफ पूर्व में भी पांच मुकदमें दर्ज है। पकड़ा गया तांत्रिक दिल्ली मधविहार क्षेत्र में एक रिहायशी अपार्टमेन्ट में फ्लैट खरीदकर रह रहा था। तांत्रिक ने अपने कई नाम रखे हैं जिससे वो आसानी पकड़ में नहीं आता था।

## प्रसिद्ध फिल्म निर्माता निर्देशक विपुल शाह... ◀◀ पृष्ठ 2 का शेष

डॉ उपाध्याय ने बताया कि जनवरी 2024 से अभी तक उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के ऑनलाइन सिंगल विंडो सिस्टम के द्वारा मात्र 4 महीनों में 100 से भी अधिक शूटिंग अनुमतियां प्रदान की गई है, जो कि काफी उत्साहजनक हैं। फिल्म अनुमतियों को लेकर सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को पत्र भी लिखा जा रहा है। संरक्षित वन क्षेत्र को छोड़कर उत्तराखण्ड सरकार के अधीन आने वाले विभाग फिल्म शूटिंग के लिए कोई शुल्क नहीं लेंगे ऐसा फिल्म पालिसी में प्रावधान है।फिल्म पालिसी में उत्तराखंड के अनछुए शूटिंग डेस्टिनेशन को बढ़ावा देने का भी प्रावधान किया गया है।

उत्तराखण्ड फिल्म नीति 2024 में प्रादेशिक भाषा की फिल्मों के लिए फिल्म प्रोडक्शन पर प्रदेश में हुए व्यय का 50% तक सब्सिडी या अधिकतम 2 करोड़ तक, और हिन्दी और भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में आने वाली भाषाओं के लिये फिल्म प्रोडक्शन पर प्रदेश में हुए व्यय का 30% या अधिकतम 3 करोड़ रुपये तक के अनुदान की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सब्सिडी के लिए लघु फिल्म डाक्यूमेंट्री और वेब सीरीज को भी इस नयी नीति में शामिल किया गया है।

इस अवसर पर डॉ. उपाध्याय द्वारा फिल्म निर्माता व निर्देशक श्री विपुल शाह को स्मृति चिन्ह के रूप में ब्रह्माकमल की अनुकृति भेंट की गई।

# नगर निगम प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

संवाददाता

देहरादून। नगर निगम प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला फूटपाथों पर रखे सामान को कब्जे में लिया। जिससे दुकानदारों में अफरा तफरी मच गयी।

आज प्रातः नगर निगम प्रशासन ने पुलिस के साथ शहर में अतिक्रमण अभियान चलाया। नगर निगम ने घंटाघर चौक से अभियान की शुरूआत की। निगम की टीम को देख दुकानदारों में हडकम्प मच गया और उन्होंने आनन फानन में दुकानों के बाहर रखा सामान समेटना शुरू कर दिया। इस दौरान निगम की टीम ने कई स्थानों से फुटपाथ पर रखा सामान कब्जे में ले लिया। अभियान



घंटाघर चौक से पल्टन बाजार से होते हुए धामावाला बाजार पहुंचा। इस दौरान निगम की टीम को दुकानदारों के विरोध का भी सामना करना पडा। निगम की टीम के पहुंचने से पहले ही दुकानदारों ने फुटपाथ पर रखा सामान हटाना शुरू कर दिया था। इसके बावजूद कई स्थानों से निगम की टीम ने सामान को कब्जे में लिया इस दौरान पल्टन बाजार में चलने वाली ठेली वाले भी आसपास की गलियों में भाग गये और निगम की टीम के जाते ही फिर बाजार में आ गये। इस दौरान निगम की टीम व ठेली वालों में आंख मिचौली का खेल चलता रहा।

## बाघ की अफवाह फैलाने वालों को माफी मांगने पर छोड़ा

संवाददाता

देहरादून। ग्राम शुक्लापुर, अंबिवाला, उमेदपुर संजय कॉलोनी में जो गुलदार कई दिनों से चहल कदमी कर रहा था। उसे कुछ शरारती तत्वों और कुछ व्हाट्सअप ग्रुप के एडमिन ने सोशल मीडिया वालों ने गुलदार से बाघ बना दिया और पूरे क्षेत्र में अफवा फैला दी कि उन्होंने बाघ देखा है जिसकी वीडियो उन्होंने खुद बनायी है और पूरे क्षेत्र में दहशत का माहोल बना दिया। जिससे सभी क्षेत्र वासी दहशत में आ गये। जैसे ही इसकी सूचना समाजसेवी अरुण भट्ट को मिली उन्होंने तुरंत जंगलात विभाग में अधिकारियों से बात कर इस फर्जी वायरल वीडियो के बारे में बताया और मौके पर जंगलात के अधिकारियों को बुलाया की वह तुरंत संज्ञान लें क्षेत्र वासी दहशत में है। मौके पर तुरंत अधिकारी सुनील भट्ट, लक्ष्मी प्रसाद गेरोला, सोनू , सुदर्शन, आदि ने आकर ग्रामवासी अरुण भट्ट, अंजू देवी हनी, असवाल के समक्ष मौके का मुआयना किया और जिन लड़कों ने वीडियो वायरल किया उनसे पूछताछ की तो पहले वह झूठ कहने लगे कि उन्होंने रात को देखा और खुद अपने फोन से वीडियो बनायी। जब अधिकारी ने सख्ती से पूछताछ करी तो उन्होंने सच सच बता दिया और माफी माँगने लगे। विभाग ने चेतावनी देते हुए उन्हें छोड़ दिया और भविष्य में एसा ना करने की चेतावनी दी।

## प्लॉट खाली कराने के लिये लगायी थी झुग्गियों में आग, एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। प्लाट खाली कराने के लिए झुग्गियों में आग लगाने वाले एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके साथी की तलाश जारी है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 05 मई को सेलाकुई क्षेत्रान्तर्गत भाऊवाला सुन्दरवन के पास झुग्गी झोपडियों में आग लगने की घटना घटित हुई, जिसमें आग की चपेट में आने से लगभग 50 से 55 झुग्गी झोपडियां पूर्णतः जलकर राख हो गयी थी। उक्त झुग्गी झोपडियां सुन्दरवन क्षेत्र में एक प्राईवेट प्लाट पर बनी हुई थीं, जहां 02 वर्ष पूर्व वर्ष 2022 में भी इसी प्रकार आग लगने की घटना घटित हुई थी। 02 वर्ष के अन्तराल में एक ही स्थान पर घटित उक्त दोनो घटनाओं पर संदिग्धता प्रतीत होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आग लगने के कारणों से जुडे सभी सम्भावित पहलुओं पर विस्तृत जांच के आदेश दिये गये, जिसमें पुलिस टीम को कार सवार व्यक्तियों द्वारा कार से उतरकर एक झोपडी के किनारे पर आग लगाये जाने की फुटेज प्राप्त हुई, जिसके आधार पर एसएसपी के निर्देशो पर तत्काल संदिग्ध के विरूद्ध थाना सेलाकुईं में धारा 436 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु एसएसपी द्वारा थानाध्यक्ष सेलाकुईं को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, जिसके क्रम में थाना सेलाकुईं पर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित टीम द्वारा घटना स्थल व आसपास आने जाने वाले मार्गो पर लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करते हुए आरोपियों के सम्बंध में जानकारी हेतु पुलिस द्वारा किये गये प्रयासो से आगजनी की घटना को दो आरोपियों राजेंद्र सिंह बिष्ट तथा रवि गोसाई द्वारा किया जाना प्रकाश में आया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा पर्याप्त साक्ष्यो के आधार पर घटना में शामिल एक आरोपी राजेंद्र सिंह बिष्ट को धूलकोट तिराहे से घटना में प्रयुक्त किये गये वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल अन्य रवि गुसांई अपने घर से फरार चल रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। पूछताछ में राजेन्द्र द्वारा बताया गया कि वे उक्त प्लाट के मूल मालिक के परिचित है तथा उसके द्वारा उन्हें सेलाकुईं में अपना प्लॉट होने के सम्बंध में जानकारी दी थी तथा उक्त प्लॉट को खाली कराने के लिये झुग्गी झोपडियों में निवासरत लोगो से बातचीत कर सैटलमेंट करने के लिये भेजा था, तथा सैटलमेंट के लिए पैसा भी दिया था।

# 40वीं उत्तराखण्ड गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से

संवाददाता

देहरादून। देव भूमि गोल्ड कप क्रिकेट एसोसिएशन सोसायटी द्वारा आयोजित 40वे अखिल भारतीय उत्तराखण्ड गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 17 मई से किया जा रहा है।

आज यहां हरिद्वार रोड स्थित एक होटल में इसकी जानकारी देते हुए देव भूमि गोल्ड कप क्रिकेट एसोसिएशन सोसायटी के सचिव पीसी वर्मा ने बताया कि सोसायटी द्वारा 40वें अखिल भारतीय उत्तराखण्ड गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 17 मई से किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि टीमों को चार ग्रुप में बांटा




गया है। उपरोक्त मैच महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज, आयुष क्रिकेट एकेडमी, अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी व सेलाकुई इण्टरनेशनल स्कूल आदि के मैदानों में खेले जाएंगे।

उन्होंने बताया कि लीग कम नॉक आउट आधार पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत कई राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय खिलाडी अपना खेल दिखायेंगे। जिनमें सम्भावित प्रमुख नाम अमित मिश्रा, सरफराज खान, दीपक हुडडा, सहवाज नदीम, बासिल थम्पी एवं आईपीएल के कई खिलाडी भी भाग लेंगे।

## एक नजर

# सुप्रीम कोर्ट ने न्यूजक्लिक के संस्थापक की गिरफ्तारी को बताया अवैध, जल्द रिहा करने का दिया आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यूएपीए मामले में गिरफ्तार न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि पुरकायस्थ की गिरफ्तारी और उसके बाद की रिमांड अमान्य है। न्यायमूर्ति बीआर गवी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ इस निष्कर्ष पर पहुंची क्योंकि ट्रायल कोर्ट द्वारा उसकी हिरासत अर्जी पर निर्णय लेने से पहले उसे या उसके वकील को रिमांड आवेदन और गिरफ्तारी के आधार नहीं बताए गए थे। हालांकि, चूंकि दिल्ली पुलिस द्वारा मामले में आरोप पत्र दायर किया गया है, शीर्ष अदालत ने ट्रायल कोर्ट द्वारा तय की जाने वाली शर्तों पर प्रबीर पुरकायस्थ को जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने भारत की संप्रभुता को बाधित करने और देश के खिलाफ असंतोष पैदा करने के लिए चीन से पैसे लेने के आरोप में न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को पिछले साल 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। एफआईआर के मुताबिक, न्यूज साइट चलाने के लिए बड़ी मात्रा में फंड चीन से आता था। न्यूजक्लिक के कार्यालयों और जिन पत्रकारों की जांच की गई उनके आवासों से लगभग 300 इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी जब्त किए गए।




# बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर के बाद लगी भीषण आग, 6 की मौत

अमरावती । आंध्र प्रदेश के बापटला जिले के चिन्नागंजम से तेलंगाना के हैदराबाद जिले की ओर जा रही बस चिलकालूरिपेट के वरिपालेम डोनका में अचानक से सामने आई टिपर लॉरी की टक्कर का शिकार हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इस दुर्घटना में करीब 6 लोग मारे गए। चिलकलुरिपेटा ग्रामीण पुलिस स्टेशन घायलों को आगे के इलाज के लिए गुंटूर ले जाया गया। हादसे के बाद का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें दोनों वाहन बुरी तरह जले हुए दिख रहे हैं। घायलों ने बताया कि विजयवाड़ा राजमार्ग पर अचानक ट्रक सामने आ गया था, जिससे चालक अनियंत्रित हो गया और टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान अनजी (35), उप्पगुंडूर काशी (65), उप्पुगुंडूर लक्ष्मी (55) और मुप्पाराजू ख्याति साईश्री (8) के रूप में हुई और ये सभी आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में निवास करते हैं। पुलिस ने कहा कि दो मृतकों की पहचान अभी की जा रही है। बस में करीब 42 लोग सवार थे और ये सभी सोमवार को वोट देने गए थे। दूसरी तरफ लॉरी में ड्राइवर, बस ड्राइवर और चार और लोग थे, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस बात की जानकारी चिलकालूरिपेटा ग्रामीण पुलिस स्टेशन ने दी है। पुलिस ने कहा, इस हादसे में करीब 6 लोगों की जान जा चुकी है। फिलहाल बता दें कि यह हादसा पालनाडु जिले के चिलकालूरिपेटा मंडल में हुआ। बस चिन्नागंजम से हैदराबाद के लिए जा रही थी।



# देवप्रयाग पुलिस ने पकड़ी 16 पेटी अंग्रेजी शराब, एक गिरफ्तार

टिहरी (हसं)। पहाड़ों में शराब तस्करी कर रहे एक शातिर को देवप्रयाग थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से 16 पेटी अग्रेजी शराब व तस्करी में प्रयुक्त कार भी बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना देवप्रयाग पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब की खेप सहित आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को एक संदिग्ध फिएट पालिया कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो कार सवार कार छोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। कार की तलाशी के दौरान उसमें रखी 16 पेटी अग्रेंजी शराब बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम मनोज पाठक पुत्र के.डी.पाठक निवासी ग्राम एवं पोस्ट संगौड़, तहसील बैरीनाग,जिला पिथौरागढ़ हाल निवासी मकान नंबर 59 संगम विहार थाना नजफगढ़, नई दिल्ली बताया। बताया कि वह बरामद शराब को श्रीनगर से पौड़ी जनपद के कलजीखाल में बेचने हेतु ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। बरामद शराब की कीमत एक लाख रूपये बतायी जा रही है।



# अब तक 3 लाख श्रद्धालुओं ने किये दर्शन

## ❑केदार धाम पहुंचे 1 लाख 36 हजार से अधिक यात्री



विशेष संवाददाता

देहरादून। चार धाम यात्रा में फैली अव्यवस्थाओं के बीच आज गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने एक पत्रकार वार्ता में बताया कि राज्य में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। जो भी थोड़ी बहुत अव्यवस्थाओं की बात सामने आ रही है उन्हें दूर करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 लाख से ऊपर श्रद्धालुओं द्वारा सभी चार धामों के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया है तथा 3 लाख से अधिक श्रद्धालु सभी चारों धाम में दर्शन कर चुके हैं।

गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे का कहना है कि 10 मई को गंगोत्री यमुनोत्री और केदार धाम के कपाट खुले थे तथा 12 मई को बद्री विशाल धाम के कपाट खोले गए थे। उन्होंने कहा कि अब तक केदारनाथ धाम में सबसे अधिक यात्री पहुंचे हैं जिनकी संख्या 1 लाख 36 हजार 308 है। उन्होंने कहा कि इस बार गंगोत्री और यमुनोत्री धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी वृद्धि हुई है

### ❑28 लाख से अधिक ने कराया रजिस्ट्रेशन
### ❑गंगोत्री व यमुनोत्री धामों में भी बढ़े यात्री

जहां अब तक गंगोत्री धाम में 80 हजार और यमुनोत्री धाम में 76 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। उन्होंने कहा कि गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में हर रोज 10-12 हजार यात्री पहुंच रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ धाम के कपाट सबसे बाद में खुले हैं जिसके कारण अभी कम ही यात्री पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा कि 26 लाख से अधिक लोगों द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया है जबकि 1 लाख 36 हजार के आसपास ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन किए गए हैं। उन्होंने कहा की यात्रा में जिस तरह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है उसके मद्देनजर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है तथा रजिस्ट्रेशन को फिलहाल रोका गया है। स्थिति सामान्य होते ही फिर रजिस्ट्रेशन शुरू किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि गढ़वाल कमिश्नर अभी खुद चार धामों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम होकर आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि यात्रियों को कोई परेशानी न हो।

# चाकू सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता

नैनीताल। वारदात की फिराक में घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से एक धारदार चाकू भी बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना बनभूलपुरा पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को रेलवे फाटक इंद्रानगर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति घूमता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक धारदार चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम अरबाज अहमद पुत्र अमीर अहमद निवासी साबरी मस्जिद के पास दुर्गामंदिर इन्द्रानगर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



# नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोपी शिक्षक गिरफ्तार, भेजा जेल

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



जानकारी के अनुसार बीते रोज पुरोला क्षेत्रान्तर्गत एक प्राइवेट स्कूल के शिक्षक द्वारा अपनी नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था, उक्त मामले में पीडित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिक्षक की तलाश शुरू कर दी गयी। आरोपी शिक्षक की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 12 घंटो के भीतर ही आरोपी शिक्षक राकेश (35) को पेट्रोल पम्प पुरोला से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# मकान के अंदर से एसी की तारें चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान के अन्दर से तीन एसी की तारें चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैनाल रोड निवासी अजय खन्ना ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका कैनाल रोड का मकान पिछले एक साल से बन्द है। उसको उसके पडोसी ने फोन पर सूचना दी कि उनके मकान में दो युवक संदिग्ध अवस्था आते जाते दिखायी दिये हैं। जिसके बाद वह अपने मकान में पहुंचा तो उसने देखा कि उसके घर में लगे तीन एसी को तोडकर उसके अन्दर से कोपर की तारें व दो स्टेप्लाइजर से भी कोपर की तारे निकाल कर चोरी की गयी हैं।







आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*